

गाजियाबाद से प्रकाशित

RNI.No.:- UPBIL/2016/69076

जमाने की रफ्तार पर है पैनी नज़र

साप्ताहिक हिन्दी समाचार पत्र

# खबरों का कहर

गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, गुडगांव, फरीदाबाद से प्रसारित

वर्षः 08 अंकः 02 | Khabronkakahar@gmail.com | गाजियाबाद, 27 फरवरी से 05 मार्च 2023 | सम्पादकः सोनू वर्मा | मूल्यः 02 रूपया | पृष्ठ-4


**सु-विचार**

सादगी इंसान की सर्वोत्तम सुन्दरता है,
क्षमा उसका अतुलनीय बल,
नम्रता उसका सर्वश्रेष्ठ गुण एवं
मित्रता अप्रतिम सर्वोत्कृष्ट संबंध है।

# अधिकारी दें ध्यान, लोग न हों परेशानः सीएम योगी

**खबरों का खबर**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे लोगों की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। हर व्यक्ति की समस्या का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए।



सीएम योगी ने ये निर्देश मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं को सुनने के दौरान दिए। मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में उन्होंने करीब 350 लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कुछ महिलाओं के साथ आए उनके बच्चों को आशीर्वाद व दुलार देने के साथ उन्होंने चॉकलेट गिफ्ट कर खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। जनता दर्शन में इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार वाले आवेदन अधिक आए थे। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार इलाज में भरपूर मदद करने को तत्पर है। किसी के इलाज में धन की बाधा नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि इलाज में आर्थिक सहायता संबंधी आवेदनों में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण होते ही धनराशि आवंटित कर दी जाएगी। गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं को सुनने के पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परम्परागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन व अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेकने के बाद सीएम योगी ने गोशाला में भी कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उनकी आवाज पर गोवंश उनके पास यूं चले आए जैसे घर के मुखिया के बुलाने पर बच्चे चले आते हैं। उन्होंने गोवंश को दुलारा और अपने हाथों से गुड़ चना खिलाया। सीएम योगी की स्नेह की भाषा और उनके आत्मीय सानिध्य में गोवंश की भाव भंगिमा भाव विह्वल करने वाली थी।

## युवा आईएएस मनीष वर्मा को जिलाधिकारी गौतम बुध नगर बनाए जाने पर स्वर्णकार समाज की ओर से हार्दिक बधाई।

# राष्ट्रीय महासचिव रवि वर्मा ने टीम सहित दी ढेरों शुभकामनाएं

**सोनू वर्मा**
**खबरों का खबर**

**नोएडा।** स्वर्णकार समाज के गौरव (आई ए एस) मनीष कुमार वर्मा को गौतमबुद्ध नगर जिलाधिकारी बनाए जाने पर शुभकामनाएँ एवं हार्दिक अभिनंदन। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का भी दिल की गहराइयों से हार्दिक आभार,



मनीष वर्मा, जिलाधिकारी गौतम बुध नगर

जिन्होंने नौजवान आईएएस मनीष वर्मा पर प्रदेश का शो विंडो कहे जाने वाले नोएडा गौतम बुद्ध नगर का जिलाधिकारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपकर भरोसा जताया है।

गौतम बुध नगर के डीएम का चार्ज लेने पर अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ ने हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

# लोनी के विकास को लेकर विधायक नंद किशोर गुर्जर ने की सीएम योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट

## लोनी का नाम बदलकर परशुराम नगर करने की सीएम साहिब से विधायक जी ने अर्जी लगाई।

**सोनू वर्मा**
**खबरों का खबर**

**लखनऊ।** मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विधानसभा सत्र के दौरान स्नेहहिल भेंट में प्रदेश सरकार द्वारा पेश ऐतिहासिक बजट पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

लोनी के सर्वांगीण विकास से संबंधित विकास कार्यो की प्रगति और वस्तुस्थिति से अवगत कराया जिसमें विकास कार्यों की धीमी गति, डीपीआर के सापेक्ष में धन आवंटन व अन्य विषय शामिल रहें।

मा. मुख्यमंत्री जी ने सभी विषयों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

लोनी में सरकारी व निजी जमीनों पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा व अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्यवाही हेतु एसआईटी का गठन।



लोनी की प्रमुख समस्या जलभराव के निस्तारण हेतु जलनिगम के विभाग द्वारा बनाई जा रही डीपीआर जो अभी तक वषो से कागजों पर है।

लोनी के प्रेम नगर और मुस्तफाबाद में पूर्ण से तैयार हो चुके मॉडल इंटर कॉलेज में शीघ्रता से शिक्षकों के पद सृजन कर शैक्षिक सत्र की शुरुआत।

लोनी के नाईपुरा में निर्मित हो चुके 50 बेड के सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों एवं कर्मचारियों का पद सृजन कर यथाशीघ्र शुभारंभ।

शिवविहार से मंडोला तक मेट्रो विस्तार जिससे ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र और दिल्ली तक आवागमन सुगम और रोजगार सृजन भी बड़े पैमाने पर होगा।

लोनी में केंद्रीय विद्यालय हेतु जिला प्रशासन द्वारा भूमि चिन्हित करने के बावजूद इस दिशा में कार्य में प्रगति बहुत धीमी है।

गंदे नाले में तब्दील और दर्जनों लोगों को लील चुकी बेहटा हाजीपुर नहर के पक्कीकरण व सौंदर्यीकरण और फेंसिंग हेतु सिंचाई विभाग द्वारा स्वीकृत डीपीआर के सापेक्ष में धन आवंटन।

मीरपुर हिंदू गांव में मेडिकल महाविद्यालय की लंबित मांग की दिशा में कार्य किया जाए क्योंकि जनपद बागपत से लेकर लोनी तक के बेल्ट में एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं है।

मंडोला-मीरपुर में स्थानीय जमीन अधिग्रहण से संबंधित विषय का रचनात्मक हल। लोनी में प्रदूषण के बढ़ते चिंताजनक स्तर को देखते हुए वन विभाग की रिक्त पड़ी भूमि पर प्रस्तावित सिटी फॉरेस्ट पार्क का निर्माण व स्मॉग टावर की स्थापना। गर्मी आने से पूर्व लोनी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु पुराने एवं जर्जर हो चुके तार व ट्रांसफार्मरों पर अत्याधिक लोड व कई कॉलोनियों में खंबो के स्थान पर बांस-बल्लियों के माध्यम से विद्युत आपूर्ति ठीक की जाए। लोनी में प्रदेश सरकार 'गंगाजल' आपूर्ति हेतु प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है जिसे तीव्र गति हेतु पूरा किया जाए। बंद फाटक पर रेल उपरगामी सेतु या अंडर पास का प्राथमिकता पर निर्माण। लोनी तहसील भवन निर्माण हेतु धन आवंटन के बाद अवरुद्ध कार्य को शुरू किया जाए।

लोनी में स्वीकृत जमीन पर फायर स्टेशन निर्माण किया जाए।

भगवान परशुराम की तपोस्थली लोनी का नाम बदलकर भगवान परशुराम जी के नाम पर परशुरामनगर करने हेतु निर्देशित करने की कृपा करें।

# मुख्यमंत्री योगी जी बताएं कि यह रिश्ता क्या कहलाता हैं?: कांग्रेस प्रवक्ता अशोक सिंह

**सोनू वर्मा**
**खबरों का खबर**

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस के मीडिया संयोजक एवं प्रवक्ता अशोक सिंह ने प्रयागराज में हुई राजू पाल हत्याकाण्ड में मुख्य गवाह रहे उमेश पाल की हत्या के मुख्य साजिशकर्ता सदाकत खान के साथ भाजपा और सपा नेताओं के साथ फोटो वायरल होने से मुख्यमंत्री जी द्वारा सदन में दहाड़कर यह कहना कि अपराधियों को जमींदोज कर दूंगा, की पोल खुल गयी है।

श्री सिंह ने कहा कि भाजपा और सपा नेताओं की अपराधी के साथ फोटो सेशन की तस्वीरों की होड़ सी लग गयी है। कांग्रेस पार्टी शुरू से ही आरोप लगाती रही है कि भाजपा और सपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन आरोपों की पुष्टि हो गयी है। सदाकत खान की फोटो भाजपा और सपा के नेताओं के साथ होना दुर्भाग्यपूर्ण है।



अशोक सिंह
प्रदेश प्रवक्ता उ.प्र. कांग्रेस कमेटी।

प्रवक्ता ने कहा कि एक तरफ भाजपा अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस का दावा करती है, सदन में मुख्यमंत्री जी गरजते हैं कि अपराधियों को जमींदोज कर देंगे और खुद उनकी ही पार्टी के नेता अपराधी के साथ फोटो खिंचवाते नजर आते हैं, भाजपा के नेताओं के साथ अपराधी की फोटो वायरल होने पर यह साबित होता है कि भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में भेद है।

श्री सिंह ने कहा कि सपा के शीर्ष नेता के साथ अपराधी की फोटो और भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के साथ फोटो जनता के सामने आ चुकी है। मुख्यमंत्री जी को इसका सच प्रदेश की जनता के सामने उजागर करना चाहिए।

# होली के त्यौहार में लोगों को स्वच्छ एवं साफ-सुथरे नगर दिखे, इसके लिए अभी से प्रयास करेंः नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0 के0 शर्मा

**खबरों का कहर**
**न्यूज नेटवर्क**

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा जी ने आयुष और नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ नगरों की साफ-सफाई, सुंदरीकरण और बेहतर व्यवस्थापन के साथ ही आयुष चिकित्सा व योग को जन जन तक पहुंचाने के लिए 01 मार्च,2023 से चिन्हित नगरीय पार्कों में शुरू हो रहे योग दिवस एवम् आयुष चिकित्सा कार्यक्रम के लिए आवश्यक तैयारियों के संबंध में बैठक की।

नगर विकास मंत्री श्री ए0के0 शर्मा जी ने आज प्रातः 8:00 से जल निगम के फील्ड हॉस्टल 'संगम' में नगर विकास, सूडा एवं आयुष विभाग के 1000 से अधिक अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमन्त्री जी के संकल्प को साकार करने के लिए 'स्वांतः सुखाय' की अवधारणा के तहत लोगो को स्वच्छ वातावरण और स्वस्थ्य जीवन प्रदान करने हेतु आयुष चिकित्सा और योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 01मार्च से प्रदेश के सभी निकायो के चिन्हित पार्कों में आयुष चिकित्सा एवं योग दिवस कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित किया जायेगा। यह कार्यक्रम नगर विकास, आयुष विभाग और आवास विकास के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। सभी जनपदों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता बनाई गई कमेटी इस कार्यक्रम की नियमित मॉनीटरिंग भी करेगी। यह कार्यक्रम शहरों के चिंहित पार्कों में



प्रतिदिन 45-45 मिनट के 02 चरणों में ग्रीष्म ऋतु में प्रातः 6:15 से 7:00 बजे एवं 7:15 से 8:00 बजे के बीच तथा शीतकाल में 7:15 से 8:00 बजे एवम् 8:15 से 9:00 बजे तक आयोजित किये जाएगा।

श्री ए0के0 शर्मा ने बताया कि योग दिवस कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए प्रत्येक नगर निगम में ऐसे 03 पार्क, नगरपालिका परिषदों में 02 पार्क तथा नगर पंचायतों में 01पार्क चिन्हित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। जनभागीदारी बढ़ाने के लिए इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराने को भी कहा गया। योग दिवस कार्यक्रम के दौरान ऐसे सभी पार्कों में आयुष, यूनानी और होम्योपैथी के चिकित्सकों की टीम भी लोगों का स्वास्थ्य चेकअप करने के पश्चात दवा देने के लिए उपलब्ध रहेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आपस में समन्वय बनाकर ऐसे पार्कों में तैयारियों को अंतिम रूप दे। पार्कों की साफ-सफाई, स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ पानी की व्यवस्था हो। म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट भी लगाये जाए। योगा के लिए चटाई की व्यवस्था हो, चिकित्सकों के बैठने और दवाईयों के लिए कुर्सी मेज की व्यवस्था आदि पर ध्यान देंगे। उन्होंने बताया कि आयुष एवं नगर विकास विभाग का इस कार्यक्रम में उत्तरदायित्व निर्धारित करने के लिए 27 फरवरी को इस संबंध में दोनों विभागों के बीच एमओयू भी किया जाएगा।

नगर विकास मंत्री ने 17 अप्रैल,2023 को वाराणसी में होने वाली जी-20 की बैठको की तैयारियों का भी जायजा लिया। उन्होंने नगर आयुक्त वाराणसी को निर्देश दिए कि शहर की हरियाली और खूबसूरती को बढ़ाएं। वाराणसी में वैश्विक स्तर का व्यवस्थापन करें। इसके लिए अभी से कमर कस ले। कहीं पर कोई कमी न रह जाए। चिन्हित मार्गो पर बेहतर प्रबंधन हो। स्वच्छता सफाई का विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि लखनऊ और आगरा में हुई जी-20 की बैठको में आए प्रतिनिधियों ने वहां की साफ-सफाई, सुंदरता और व्यवस्थापन की बहुत तारीफ की है। ऐसा ही प्रयास वाराणसी के लिए भी किया जाए। उन्होंने सभी नगर आयुक्तों को भी निर्देश दिए हैं कि शहरों को ग्लोबल सिटीज बनाने के अभियान को युद्ध स्तर पर जारी रखें। योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए समयबद्ध रूप से तथा लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें। इस वित्तीय वर्ष में जारी बजट को समय से खर्च करें। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जिन योजनाओं में बजट खर्च नहीं हो पाएगा, आने वाले वित्तीय वर्ष में उन योजनाओं के लिए पैसा नहीं दिया जाएगा तथा कार्यों में लापरवाही व शिथिलता के लिए संबंधित अधिकारियो के खिलाफ़ कार्रवाई भी की जाएगी।

उन्होंने निदेशक सूडा तथा निदेशक नगरीय निकाय को निर्देश दिए कि अपने विभागों के कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग करें और योजनाओ को ज़मीन पर उतारने के लिए कार्ययोजना को और व्यवस्थित ढंग से संचालित करे। डीसीसीसी और टोल फी 1533 की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा इसे और व्यवस्थित ढंग से संचालित करने को कहा। सभी निकाय स्ट्रीट लाइट के रखरखाव पर भी विशेष ध्यान देंगे। कहीं पर भी कूड़ा न जलाए जाए, इसका ख्याल रखें। साफ़ किए गए कूड़ा स्थलों पर बेंडिंग जोन भी बनाएं, जिससे कि शाम को लोग जाकर अपना वक्त बिता सकें। मलिन बस्तियों की साफ़ सफ़ाई व विकास कार्यों में और गति लाई जाए। उन्होंने सभी निकायों डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, कूड़ा निस्तारण, कूड़ा स्थलों की सफाई तथा सुंदरीकरण पर विशेष ध्यान देने और नगरों की सफाई में मशीनों का अधिक से अधिक प्रयोग करने को कहा। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर ध्यान देने तथा एमआरएफ को संचालित करने को भी कहा। कहा कि आने वाले होली के त्यौहार में लोगों को स्वच्छ एवं साफ-सुथरे नगर दिखे, इसके लिए अभी से प्रयास करें।

उन्होंने नगर आयुक्त लखनऊ श्री इंद्रजीत सिंह को निर्देश दिए कि लखनऊ के 1090 चौराहे में बनाए गए सेल्फी प्वाइंट 'आई लव यू लखनऊ' में से आई लव पिछले 10 दिनों से गायब है,इसे जितना जल्दी हो सकें ठीक कराएं। इसी प्रकार आगरा शहर से भी कमियों की शिकायतें आ रही हैं। इस प्रकार आगरा एवं लखनऊ की शहरी व्यवस्था में आई कमियों को जल्द से जल्द ठीक कराएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 प्रदेश में 01 मार्च से शुरू हो रहा है इसके लिए सभी निकाय पूर्ण रुप से तैयार रहें।

बैठक में अपर मुख्य सचिव आयुष श्रीमति आराधना शुक्ला,निदेशक सूडा डॉ0 अनिल कुमार पाठक, निदेशक स्थानीय निकाय श्रीमती नेहा शर्मा, विशेष सचिव श्री हरिकेश चौरसिया, अपर निदेशक डा0 असलम अंसारी, उप निदेशक डा0 सुनील यादव उपस्थित थे तथा सभी निकायों के नगर आयुक्त, अधिशाषी अधिकारी व आयुष विभाग के अधिकारी वर्चुअल उपस्थित थे।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के 56 वें राज्य सम्मेलन की तैयारी हेतु लखनऊ मंडल के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित



**सोनू वर्मा**
**खबरों का कहर**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का दिनांक 05 एवं 06 अप्रैल, 2023 को सेंटीनियल इंटर कॉलेज, गोलागंज लखनऊ में होने वाले 56वें राज्य सम्मेलन के लिए लखनऊ मण्डल के पदाधिकारियों की तैयारी बैठक उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, पूर्व एमएलसी की अध्यक्षता में केन्द्रीय कार्यालय, 109 विधायक आवास, राजेन्द्र नगर में सम्पन्न हुई। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय मंत्री /प्रवक्ता एवं राज्य सम्मेलन के संयोजक डा0 आर0पी0 मिश्र ने बताया कि बैठक में राज्य सम्मेलन को ऐतिहसिक बनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर स्मारिका प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। डा0 मिश्र ने बताया कि राज्य सम्मेलन में प्रदेश के कोने कोने से लगभग 3000 हजार शिक्षक प्रतिनिधि प्रतिभाग करेगें। सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए पंजीकरण समिति, प्रस्ताव समिति, भोजन व्यवस्था समिति,आवास व्यवस्था समिति, सास्कृतिक कार्यक्रम समिति स्मारिका समिति आदि का गठन किए जाने का भी निर्णय लिया गया।



राज्य सम्मेलन में प्रदेशीय अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी पूर्व एमएलसी के अलावा शिक्षक विद्यायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी एम0एल0सी0, प्रादेशिक उपाध्यक्ष हेम सिंह पुंडीर पूर्व एमएलसी, प्रादेशिक उपाध्यक्ष जगवीर किशोर जैन, पूर्व एम0एल0सी0, महामंत्री इन्द्रासन सिंह सहित प्रदेशीय, मण्डलीय एवं जनपदीय पदाधिकारियों के साथ लगभग 3000 से अधिक शिक्षक प्रतिनिधि प्रतिभाग करेगें। तैयारी बैठक में प्रदेशीय अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, शिक्षक विद्यायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, प्रादेशिक उपाध्यक्ष रामेश्वर उपाध्याय, प्रदेशीय मंत्री/प्रवक्ता एवं राज्य सम्मेलन के संयोजक डा0 आर0पी0 मिश्र, प्रदेशीय मंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, राज्य कार्यकारिणी सदस्य कौशल किशोर मिश्र, अमीर अहमद, सुधा मिश्रा मण्डलीय अध्यक्ष तुलसी राम मिश्र मण्डलीय मंत्री जगजीवन प्रसाद शुक्ल, लखनऊ के जिलाध्यक्ष डा0 आर0के0 त्रिवेदी एवं मंत्री महेश चन्द्र, हरदोई के जिलाध्यक्ष राजीव मिश्र एवं मंत्री किसान चैरासिया, रायबरेली के जिलाध्यक्ष राकेश मिश्र एवं मंत्री शैलेश कुमार वाजपेई, सीतापुर के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव एवं मंत्री संजय कुमार, लखीमपुर के जिलाध्यक्ष श्याम मूर्ति शुक्ल एवं मंत्री विशाल वर्मा, के साथ ही विभिन्न जनपदों के वरिष्ठ पदाधिकारीगण अनिल शर्मा, अनुराग मिश्र, डी0एम0 रिजवी, अरविन्द कुमार वर्मा, मनोज कुमार, उमा शंकर तिवारी, विश्वजीत सिंह, डा0 अनिल तिवारी, चन्द्र प्रकाश मिश्र, आलोक पाठक सतीश कुमार शुक्ल, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

### मर्यादा की हदें

यह पहली बार नहीं है, जब किसी राजनेता के अभद्र, उत्तेजक और जानबूझ कर मानहानि करने वाले बयान पर अदालत ने फटकार लगाई या संयम बरतने की नसीहत दी। पवन खेड़ा की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि आप लोगों को संयम बरतना चाहिए। मगर राजनीति में पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप कोई गलत बात नहीं, बशर्ते वह मर्यादा के भीतर हो। मगर हमारे राजनीतिक दल और राजनेता शायद इस तकाजे को भुलाते जा रहे हैं या फिर राजनीति का स्तर ही सिद्धांतों और मुद्दों से खिसक कर व्यक्तिगत छींटाकशी पर उतर आया है। इसके अनेक उदाहरण राजनीतिक दलों और सत्ता के शीर्ष तक मौजूद हैं। इसका ताजा उदाहरण कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के बयान में दिखा, जब उन्होंने प्रधानमंत्री के निजी जीवन पर हमला बोला। स्वाभाविक ही उसे लेकर भारतीय जनता पार्टी में रोष पैदा हुआ। उनके खिलाफ कई जगह मुकदमे दर्ज कराए गए। उसी क्रम में असम की पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने दिल्ली पहुंच गई। मगर उसने गिरफ्तारी का जो तरीका अपनाया और जो समय चुना, वह किसी को भी उचित नहीं लगा। खेड़ा पार्टी के अधिवेशन में हिस्सा लेने रायपुर जा रहे थे। हवाई जहाज में बैठ चुके थे। तब उन्हें जहाज से उतार कर गिरफ्तार किया गया। इसे लेकर खासा हंगामा हुआ और आखिरकार उस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने दखल दिया, तब वह शांत हो सका। उचित ही इसे लेकर सरकार के रवैए पर भी सवाल उठे। इसलिए कि यह ऐसा मामला नहीं था, जिसमें गिरफ्तारी के लिए ऐसी हड़बड़ी दिखाई जाए। यह पहली बार नहीं है, जब किसी राजनेता के अभद्र, उत्तेजक और जानबूझ कर मानहानि करने वाले बयान पर अदालत ने फटकार लगाई या संयम बरतने की नसीहत दी। पवन खेड़ा की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि आप लोगों को संयम बरतना चाहिए। मगर यह बात कांग्रेस को कितनी समझ आई, कहना मुश्किल है। खेड़ा को रिहाई मिलते ही कांग्रेस के नेताओं ने अपनी सफाई में तमाम वे बयान साझा करने शुरू कर दिए, जो प्रधानमंत्री ने विभिन्न मौकों पर दिए थे। इस तरह गड़े मुर्दे उखाड़ कर एक तरह से अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को उकसाया जाने लगा। इससे लगता नहीं कि दोनों पार्टियों के नेता आने वाले वक्त में भी ऐसी अशोभन टिप्पणियों से बाज आने वाले हैं। सार्वजनिक जीवन में राजनेताओं का आचरण नीचे के कार्यकर्ताओं के लिए अनुकरणीय बन जाता है, इसलिए अगर कोई दल या नेता किसी गलत परंपरा या आचरण को उचित ठहराने पर तुल जाता है, तो उसका असर पूरे समाज पर दिखाई देने लगता है। मगर शायद राजनीतिक दलों को इसकी परवाह नहीं, उन्होंने मान लिया है कि सड़कछाप भाषा से जनाधार मजबूत होता है। बड़प्पन इस बात में नहीं कि कोई छींटाकशी करे, तो आप भी उसका जवाब उसी लहजे में दें। असम पुलिस ने जिस तरह पवन खेड़ा को गिरफ्तार किया, उस पर भी सवाल उचित हैं। उसकी तत्परता से स्पष्ट हो गया कि उसकी कार्रवाई सत्ता प्रेरित है। अगर इस तरह उन्हें गिरफ्तार न किया जाता, तो शायद बहुत सारे लोगों का ध्यान उनके उस बयान की तरफ जाता भी नहीं। पर अब जो नहीं जानते थे, उन्हें भी पता लग गया। अगर किसी ने जुर्म किया है, तो उसके खिलाफ निस्संदेह कार्रवाई होनी चाहिए। मगर अपराध की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई की जाती है। ऐसा नहीं हो सकता कि पुलिस खुद नियम-कायदों को ताक पर रख कर कार्रवाई करे। अगर असम सरकार इस मामले में थोड़ा संयम बरतती, तो उससे उसका बड़प्पन ही जाहिर होता। इस तरह मर्यादाएं अब एक तरफ से नहीं, दोनों तरफ से टूटती नजर आती हैं।

### प्रशासनिक

| | |
|---|---|
| डीएम | 2824416 |
| आवास | 2820106 |
| एडीएम सिटी | 2828411 |
| एडीएम प्रशासन | 2827016 |
| सिटी मजिस्ट्रेट | 2827365 |

### पुलिस अधिकारी

| | |
|---|---|
| एसएसपी | 2821120, 2820157 |
| पुलिस अधीक्षक नगर | 2854015 |
| पुलिस अधीक्षक यातायात | 2829520 |
| क्षेत्राधिकारी प्रथम | 2733070 |
| क्षेत्राधिकारी द्वितीय | 2791769 |
| क्षेत्राधिकारी तृतीय | 9958776662 |
| क्षेत्राधिकारी चतुर्थ | 2898131 |

### पुलिस स्टेशन

| | |
|---|---|
| कोतवाली | 2732088 |
| सिहानी गेट | 2791627 |
| कविनगर | 2711843 |
| विजयनगर | 2740797 |
| लिंक रोड | 9999993066 |
| इंदिरापुरम | 2902858 |
| साहिबाबाद | 9999993020 |
| लोनी | 2600097 |
| अग्नि शमन विभाग | 2850148, 2626811, 9818702101 |

### जीडीए

| | |
|---|---|
| जीडीए वीसी | 2791114 |
| जीडीए सचिव | 2790891 |

### नगर निगम

| | |
|---|---|
| नगरायुक्त | 2790425, 2713580 |

### अस्पताल

| | |
|---|---|
| सीएमओ | 2710754 |
| सीएमएस | 2730038 |
| आपातकालीन | 2850124 |
| यशोदा अस्पताल | 2750001-04 |
| गणेश अस्पताल | 4183900 |
| जिला अस्पताल (एम्बुलेंस) | 2730038 |
| नरेन्द्र मोहन अस्पताल (एम्बुलेंस) | 2735253 |
| यशोदा अस्पताल (एम्बुलेंस) | 2701695 |
| पुष्पांजलि क्रांसले हॉस्पिटल | 4188000 |

### पूछताछ

| | |
|---|---|
| रेलवे इंकवायरी | 131 |
| रेलवे कस्टमर केयर | 139 |
| रिजर्वेशन | 8888 |
| रोडवेज इंकवायरी | 2791102 |
| विद्युत विभाग | |
| मुख्य अभियंता | 2821025 |

### बीएसएनएल

| | |
|---|---|
| जीएम | 2755777 |

# गाजियाबाद पहुंच प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने सुनी मन की बात

**सोनू वर्मा**
**खबरों का खबर**

**गाजियाबाद।** विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता देश के यशस्वी प्रधानमंत्री परम नरेंद्र मोदी लगातार अपने देश वासियों के मन की बात सुनते हैं सुनाते हैं। उसका जरिया मन की बात कार्यक्रम।

इस बार मन की बात का 98 वाँ एपिसोड रहा। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के आह्वान पर महानगर के सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम देखा सुना गया। पूरे प्रदेश में संगठन पदाधिकारी से लेकर भाजपा नेता सहित जनप्रतिनिधियों ने स्वयं एक बूथ पर रहकर देश के पीएम की जुबानी देशवासियों के मन की बात सुनी।

इसी कड़ी में शालीमार गार्डन स्थित स्प्रिंगफील्ड पब्लिक स्कूल में 824 बूथ पर उत्तर प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने स्वयं पहुंचकर मन की बात कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचकर सबसे पहले भारत माता , पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि की नमन किया। देश के पीएम ने मन की बात में शुरुवात स्पर्धा में जाने की अहमियत से की। उन्होंने इंसान के जीवन में स्पर्धा में शामिल होना अति आवश्यक बताया। आगे ई संजीवनी टेलीकंसल्टेशन के जरिए चिकित्सक और मरीज को आत्म सुकून के साथ-साथ आराम के सुखद एहसास की बात की उन्होंने यूपीआई की ताकत बढ़ने और त्रिवेणी कुंभ के माध्यम से विरासत को बचाने का महत्व के बारे में भी चर्चा की। लोगों में स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूकता के प्रमाण के लिए हरियाणा के भिवानी में युवा टीम के कार्य की सराहना की।



मन की बात के उपरांत कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की दृष्टि से सामूहिक रूप से इकट्ठा होना यह बहुत एवं कार्य है एकत्रीकरण के माध्यम से हमारा संगठन विश्व का सबसे बड़ा संगठन के रूप में जाना जाता है हमारी सरकारों ने अपने संकल्प पत्र में जो कहा वह किया। बाकी अन्य दल गठजोड़ कर सत्ता पर काबिज होने के लिए जनता को गुमराह कर अपनी राजनीतिक रोटी सेकते हैं मगर जनता जाग चुकी है अब उनकी दाल गलने वाली नहीं। उन्होंने संगठन के सभी कार्यकर्ताओं से मन की बात कार्यक्रम के लिए अपील भी की कि अप्रैल में मन की बात का शोभा कार्यक्रम होना है जिसे एक विधानसभा में कम से कम 100 स्थानों पर अधिक से अधिक सहभागिता के साथ लोगों के साथ सुना और देखा जाए।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने सभी बूथ कमेटी के लोगों के साथ बैठकर टिफिन बैठक की।

मन की बात कार्यक्रम के दौरान दर्जा प्राप्त मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, प्रदेश मंत्री एवं प्रभारी महानगर अमित बाल्मीकि, भाजपा वरिष्ठ नेता पृथ्वी सिंह, कार्यक्रम मुख्य संयोजक महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, मंडल प्रभारी विरेन्द्र त्यागी,मन की बात संयोजक संजीव झा,मंडल अध्यक्ष राजन बाल्मीकि, बूथ अध्यक्ष राहुल शर्मा, लेखराज, अमित शर्मा, अंजू घनशाला, सुनील शर्मा, निशा चौहान, शत्रुघ्न लाल, विनोद माथुर , रॉबिन सिंह, मदनलाल शर्मा ,विनोद गुप्ता, मनोज राघव, सुनील त्यागी , विनोद खन्ना, अनीता राणा, शरण सिंह, के पी सिंह, योगराज, ममता झा, सीमा सिंह, श्याम शर्मा, मीडिया विभाग से अश्वनी शर्मा, प्रदीप चौधरी, धीरज अग्रवाल,प्रतीक माथुर आदि उपस्थित रहे।

मन की बात कार्यक्रम के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कैप्टन विकास गुप्ता,महामंत्री पप्पू पहलवान और अन्य कार्यकर्ताओं के साथ विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि के अवसर पर शहीद स्थल पर स्थित सावरकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि की।

# पंजाब की हालिया कुछ घटनाएं साधारण अपराध नहीं बल्कि राज्य को आतंक की राह पर धकेलने का प्रयास हैं



देखा जाये तो लगभग एक दशक पुरानी आम आदमी पार्टी के बारे में पहले से ही यह माना जा रहा था कि इस महत्वपूर्ण सीमायी राज्य से जुड़े संवेदनशील मुद्दों को वह ठीक से नहीं संभाल पायेगी। वह सभी आशंकाएं एक तरह से सच होती जा रही हैं।

पंजाब के अजनाला में एक दिन पहले जो दृश्य दिखे वह आरआरआर फिल्म या बाहुबली पार्ट-3 फिल्म का ट्रेलर नहीं था। वह दृश्य था कस्बे में थाने पर खालिस्तान समर्थक संगठन 'वारिस पंजाब दे' के जत्थेदार अमृतपाल सिंह के हजारों हथियारबन्द समर्थकों के कब्जा करने का। यह हथियारबंद लोग अपने साथी लवप्रीत सिंह तूफान को मुक्त करवाने के लिए पंजाब सरकार और पुलिस को झुकाने में सफल भी हो गए। देखा जाये तो यह पूरा घटनाक्रम कानून व्यवस्था के साथ-साथ पूरे राज्य के लिए गम्भीर चुनौती है इसलिए इसको हल्के में नहीं लिया जा सकता। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे एक वीडियो के बारे में दावा किया जा रहा है कि यह पंजाब का है जहां पुलिस में शिकायत करने के चलते एक व्यक्ति की सरेआम तालिबानी अंदाज में उंगलियां काट दी गयीं। यह घटनाएं साधारण आपराधिक घटनाएं नहीं हैं बल्कि देश को चिंता में डालने वाली घटनाएं हैं। पंजाब बड़ी मुश्किल से आतंकवाद के चंगुल से बाहर निकला था लेकिन आज फिर से इस खुशहाल प्रदेश के हालात बिगाड़ने की साजिशें हो रही हैं और राज्य सरकार कुछ कर नहीं पा रही है।

देखा जाये तो लगभग एक दशक पुरानी आम आदमी पार्टी के बारे में पहले से ही यह माना जा रहा था कि इस महत्वपूर्ण सीमायी राज्य से जुड़े संवेदनशील मुद्दों को वह ठीक से नहीं संभाल पायेगी। वह सभी आशंकाएं एक तरह से सच होती जा रही हैं। हम आपको याद दिला दें कि पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और कई विशेषज्ञों ने विधानसभा चुनावों के समय ही चेता दिया था कि पंजाब जैसा संवेदनशील राज्य जो पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का शिकार हो, उसे अनुभवहीन नेतृत्व के हाथों में दिया जाना खतरे से खाली नहीं है। जिस तरह बंदूकों और तलवारों से लैस कट्टरपंथियों की भीड़ ने थाने में उत्पात मचाया उससे स्पष्ट हो रहा है कि पंजाब की कानून व्यवस्था की हालत क्या है।

इस पूरे प्रकरण में कई गंभीर सवाल उठे हैं। जिस तरह हथियारबंद लोगों के सामने घुटने टेके गये हैं क्या उससे अराजक तत्वों के हौसले नहीं बढ़ेंगे? जिस तरह पुलिसवालों पर हमला किया गया और आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, क्या उससे पुलिसकर्मियों का मनोबल कम नहीं होगा? जहां तक अमृतपाल सिंह की बात है तो यह जानते हुए भी कि वह सिख युवाओं को कट्टरपंथ की राह पर धकेल रहा है, फिर भी उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? सवाल यह भी उठता है कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद से ही खालिस्तानी तत्व क्यों हावी हो रहे हैं? हथियारबंद भीड़ ने सिर्फ अजनाला में पुलिस थाने पर हमला बोला हो, ऐसा नहीं है। मोहाली में भी पिछले दिनों इसी तरह कैदियों की रिहाई के लिए हिंसा देखने को मिल चुकी है ऐसे में सवाल उठता है कि राज्य सरकार हालात को संभालने के लिए क्या सिर्फ आत्मसमर्पण ही करती रहेगी? लवप्रीत तूफान तमाम आरोपों के बावजूद जिस तरह क्लीन चिट पाकर रिहा हो गया है क्या उससे आगे भी नियमों को तोड़ने का उसका हौसला नहीं बढ़ेगा?

बहरहाल, पंजाब में इस तरह की बढ़ती घटनाएं अब राजनीतिक मुद्दा भी बन चुकी हैं। विपक्षी भाजपा ने इस मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरा है। पंजाब भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल सरीन ने भगवंत मान सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी की सरकार राज्य के हालात को नहीं संभाल पा रही है। वहीं भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता मनजिंदर सिंह सिरसा का आरोप है कि केजरीवाल ने अपनी राजनीतिक आकांक्षाओं के लालच में पंजाब को तालिबान राज की तरफ़ धकेल दिया है। उनका कहना है कि पंजाब में क़ानून व्यवस्था बिलकुल ख़त्म है और अब प्रदेश में पूरा जंगल राज है। उन्होंने एक वीडियो साझा करते हुए कहा है कि इस भयावह वीडियो को देख कर पंजाब के भविष्य को लेकर अब डर लगने लगा है।

# आशा दीप फाउंडेशन ने मनाया 37 वां खेल महोत्सव











**सोनू वर्मा**
**खबरों का खबर**

**साहिबाबाद।** शहीद नगर स्थित आशा दीप फाउंडेशन के बैनर तले सेंट जेम्स कॉन्वेंट स्कूल में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष में खेल महोत्सव का आयोजन किया गया।

आशा दीप फाउंडेशन एक गैर सरकारी स्वयं सेवी संस्था हैं,जो की पिछले 39 वर्षो से दिल्ली एन सी आर सहित चेन्नई,मुंबई व देश के अन्य शहरों में काम कर रही हैं जो समाज में उपेक्षित,शिक्षा से किसी भी कारण से वंचित रह गए हैं। उनके उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

वार्षिक क्रीड़ा समारोह में मुख्य अतिथि रूप सुदेश व अरुण शर्मा ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथियों में लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट के अध्यक्ष रामदुलार यादव,महिला उत्थान संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिंदु जी,स्थानीय पार्षद यामीन व अन्य शिक्षाविदों ने उपस्थित हो कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

संस्था निदेशक एच के चेट्टी तथा संस्था की कार्यकारिणी अधीक्षिका ज्योति चेट्टी ने अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। निदेशक एच के चेट्टी ने छात्र जीवन में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया की खेल से मनुष्य का शारीरिक, मानसिक,बौद्धिक तथा नैतिक विकास भी होता हैं।

खेल महोत्सव में बाल ड्रिल,जोकर ड्रिल,बाल रेस, रैबिट रेस,स्किपिंग रेस, प्रॉप ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसको देखकर छात्र खुशी से झूम उठे।

कार्यक्रम में करीब 600 बच्चे और अभिभावकों ने उपस्थित होकर शोभा बढ़ाई। अंत में संस्था की कार्यकारिणी अधीक्षिका ज्योति चेट्टी ने सभी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# सपा प्रमुख अखिलेश यादव से जापानी प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को लेकर चर्चा की।

**खबरों का कहर**
**न्यूज नेटवर्क**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता विरोधी दल श्री अखिलेश यादव से आज जापानी प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर सार्थक चर्चा की। प्रतिनिधिमण्डल ने मेट्रो रेल, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, इकाना स्टेडियम, गोमती रिवरफ्रंट की तारीफ की।

समाजवादी सरकार के कामों की सराहना करते हुए उन्होंने बताया कि जापानी प्रतिनिधिमण्डल ने मलिहाबाद, चिनहट, लूलू मॉल सहित लखनऊ के बाजारों में व्यापारिक संभावनाओं का भी पता किया। उन्होंने बताया आम के जूस की जापान में बहुत मांग है। उनका जनेश्वर मिश्र पार्क जाने का भी कार्यक्रम है।



श्री अखिलेश यादव ने बताया कि कृषि क्षेत्र में समाजवादी सरकार में मंडियों, कोल्ड स्टोरेज के विस्तार से किसानों को लाभान्वित करने की योजना थी। ग्रीन फील्ड लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे 21 महीने में बना। इस तरह का यह भारत में पहला एक्सप्रेस-वे है।

श्री यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश 25 करोड़ की जनसंख्या का स्वयं में एक देश है। यहां जापानी सहयोग से व्यापक विकास हो सकता है। उन्होंने जापानी भागीदारी बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जापानी कम्पनियां आपसी तालमेल से काम करती है। ऊर्जा क्षेत्र में अच्छा सहयोग हो सकता है।

जापानी प्रतिनिधियों ने बताया कि द्वितीय विश्वयुद्ध में हिरोशिमा पर एटम बम के हमले के बाद जापानी भूख और खाद्यान्न के मूल्य को खूब समझ गए हैं। इसलिए वे खाना फेंकते नहीं है। जापानी श्रम का सम्मान करते हैं। वहां एक सेकेंड के लिए भी बिजली नहीं जाती है। श्री अखिलेश यादव ने जापानी प्रतिनिधिमण्डल से वाराणसी और क्योटो शहर के बारे में चर्चा की।

श्री अखिलेश यादव ने कहा कि जापान के साथ हमारे सद्भावपूर्ण रिश्ते रहे हैं। जब हरदुआगंज में समाजवादी सरकार के समय पावर प्लांट का उद्घाटन हुआ था तब जापानी कम्पनी के अधिकारियों ने श्री मुलायम सिंह यादव का चित्र, उनके मुख्यमंत्री के समय का भेंट किया गया था।

उन्होंने जापानी प्रतिनिधिमण्डल को धन्यवाद दिया कि समाजवादी सरकार के समय के बाद जब वह विपक्ष में हैं तब भी वे भेंट करने आए।

श्री यादव ने कहा कि जापानी प्रतिनिधिमण्डल से परस्पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रदेश के विकास की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई है।

## उमेश पाल हत्याकांड में शहीद संदीप निषाद के घर पहुँचे निषाद पार्टी सुप्रीमो

**खबरों का कहर-न्यूज नेटवर्क**

**आजमगढ़।** मा0 मंत्री, मत्स्य विभाग, उ0प्र0, डा.संजय कुमार निषाद ने उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह गनर संदीप निषाद कि हुई हत्या



पर उनके पैतृक निवास ग्रामसभा बसही अहिरौला, जनपद आजमगढ पहुंच कर परिजनो से मिलकर सांत्वना एवं ढांढस बंधाया। उन्होंने परिजनो को आस्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार इस दुख कि घड़ी मे उनके साथ है। उन्होंने ने कहा कि संदीप निषाद ने बहुत ही बहादुरी का परिचय देते हुए मुकाबला करते हुए शहीद हुए है, उन्हे शहीद का दर्जा दिया गया।

मा0मंत्री जी ने मृतक के पिता जी से कहा कि संदीप निषाद के नाम पर गांव मे स्मारक, सड़क एवं अन्य विकास कार्य कराए जाएगे।

उन्होने कहा कि मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी, सरकारी आवास, पेंशन एवं अनुमन्य सुविधाए सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। उन्होने मौके पर उपस्थित उपजिलाधिकारी श्री नवीन प्रसाद को निर्देश दिया कि स्मारक बनाने के लिए जमीन को चिन्हित कर लें, यदि ग्राम सभा की जमीन ना हो तो उसके बदले मे किसान को दूसरी जगह दुगुनी जमीन देकर गांव के किसान से

जमीन ले लें। उन्होने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि 15 दिन के अन्दर समस्त कागज़ी कार्यवाही पूर्ण कर अनुमन्य सरकारी सुविधाएं देना सुनिश्चित करें।

# मोदी सरकार की गरीबों के प्रति संवेदनशीलता बजट में दर्शनार्थ - जनरल वी के सिंह

## महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के अहवाहन पर केंद्रीय मंत्री वी के सिंह ने किया प्रेस वार्ता का आयोजन

**सोनू वर्मा**
**खबरों का खबर**

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने सांसदों के द्वारा अमृतकाल बजट 2023 की गुणवत्ता को जन जन तक पहुंचाने की मुहिम शुरू की है। इसी कड़ी में गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के आह्वान पर लोकसभा के सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह की प्रेस वार्ता का आयोजन नेहरु नगर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में किया गया।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जनरल वीके सिंह ने अमृत काल के पहले देश प्रदेश के बजट 2023-24 को आजादी के 100 साल बाद भारत की परिकल्पना का बजट बताते हुए कहा कि ये सरकार का सर्व हितेशी और देश के उज्ज्वल भविष्य का निर्णायक व लोक कल्याणकारी बजट है। यह गाँव, गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है।

यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा देश के नागरिकों को सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराने वाला बजट है। यह महज वर्ष 2023-24 के डेवलपमेंट का एजेंडा नहीं है, बल्कि देश के लिए अगले 25 से 50 साल हेतु विकसित अर्थव्यवस्था की बुनियाद रखने वाला ब्लू प्रिंट है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बजट के माध्यम से पुरानी टैक्स व्यवस्था को खत्म करते हुए मध्य वर्ग के नौकरीपेशा लोगों को ऐतिहासिक तोहफा दिया है। अब नौकरी पेशा लोगों को 7 लाख रुपये सालाना की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। साथ ही, टैक्स स्लैब को को भी घटा कर 5 तक सीमित कर दिया गया है। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा महिला



सम्मान विकास पत्र जारी करने का निर्णय भी स्वागत योग्य है। इसमें महिलाओं को अब 2 लाख रुपए की बचत पर सालाना 7.5त्र ब्याज मिलेगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए सेविंग्स एकाउंट में रखी जाने वाली रकम की लिमिट को भी 4.5 लाख रुपए से बढ़ाकर 9 लाख रुपए करने का निर्णय भी एक अच्छी पहल है। साथ ही, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना की लिमिट को भी 15 लाख से बढ़ा कर 30 लाख रुपये कर दिया गया है। ये योजनायें महिला सशक्तिकरण और वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। इस बजट में पीएम आवास योजना का बजट बढ़ कर 69 हजार करोड़ रुपए कर दिया गया है। पीएम आवास योजना में 66 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाती है कि नरेन्द्र मोदी सरकार गरीबों के लिए कितनी संवेदनशील है।

रीजनल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए 50 नए एयरपोर्ट, हेलिपैड, वाटर एरो ड्रोन, एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड्स का विकास किया जाएगा। सरकार शहरी बुनियादी ढांचा विकास कोष के लिए हर साल 10,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। यह शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को और मजबूती देगी। इस बजट में किसान, व्यापारी, मध्य वर्ग, महिला से लेकर समाज के सभी वर्ग के विकास की रूपरेखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच में,नीतियों में एवं बजट में गरीब, किसान, शोषित - वंचित का कल्याण केन्द्र बिन्दु में रहता है। प्रधानमंत्री की यह संकल्पना चरितार्थ हो रही है कि देश में इंफ्रास्ट्रक्चर विश्व स्तरीय बने तेज गति से भारत निरंतर विकास करे, महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ युवाओं किसानों को स्वरोजगार के विभिन्न अवसर प्रदान हों एवं संपूर्णता में समावेशी विकास के साथ भारत समृद्धशाली राष्ट्र बने।

प्रेस वार्ता के दौरान केंद्रीय मंत्री सांसद जनरल वीके सिंह, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा,महामंत्री पप्पू पहलवान सुशील गौतम गोपाल अग्रवाल मीडिया प्रभारी अश्वनी शर्मा , प्रदीप चौधरी, नीरज गोयल , धीरज अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



थाना मुरादनगर पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त स्कूटी व आलाकत्ल 01 पिस्टल व 01 जिन्दा कारतुस बरामद। —खबरों का खबर



थाना वेव सिटी पुलिस द्वारा एटीएम बदलकर लोगों के खाते से पैसे निकालने वाले 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 72 एटीएम कार्ड व 1150/- रुपये नकद व पेटीएम स्वैप मशीन बरामद। —खबरों का खबर

# देश की आजादी में चंद्रशेखर आजाद का सबसे बड़ा योगदानः महापौर आशा शर्मा

**ओमपाल गोस्वामी**
**खबरों का खबर**

**गाजियाबाद।** वीर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद जी के पुण्यतिथि के अवसर पर वैशाली स्थित वीर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद पार्क में श्रद्धांजलि अर्पित का कार्यक्रम कर शहीदों को याद किया गया।

महापौर आशा शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं पार्षद नीलम भारद्वाज ने विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित रहे एवं वीर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद जी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

महापौर आशा शर्मा ने इस अवसर पर बताया कि आज जिस पार्क में उक्त कार्यक्रम है वह पार्क कालीबाड़ी पार्क के नाम से जाना जाता था और कूड़े के ढेर लगे रहते थे बदबू से बदहाली थी लेकिन स्थानीय पार्षद के सहयोग



से भारत विकास परिषद द्वारा पार्क का सौन्दर्यकरण किया गया और आज शहर में यह पार्क एक आदर्श पार्क मन जाता है उसके उपरांत भारत विकास परिषद द्वारा पार्क का नामकरण करने की अर्जी दी गयी जिसको हमने मा. सदन की बैठक में पास कराकर वीर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद पार्क रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने बताया कि दो साल पहले जिस जगह चील कौवे, कूड़ा, गंदगी, व्याप्त थी वहां स्थानीय निवासियों ने आपसी संपर्क व सहयोग से साफ सफाई कर खूबसूरत पार्क विकसित किया। पार्क का अनुरक्षण भी आपसी सहयोग से कर रहे है एवं इस सभी कार्य मे महापौर एवं पार्षद का लगातार सहयोग मिला है और उक्त पार्क का नाम आज तक कालीबाड़ी पार्क के नाम से जाना जाता था कोई नाम ही नही था तब इस पार्क का नामकरण भी महापौर जी के सहयोग से किया गया है जिसके लिए सभी आर डब्लू ए एवं भारत विकास परिषद महापौर एवं पार्षद का धन्यवाद देती है। साथ ही पार्षद पति एस के भारद्वाज, अरविंद पांडेय, अशोक माथुर, आर पी सिंह, पंकज चौधरी, रवीन भटनागर, संजय सिंघल,रजनीश भाटिया, योगेश गुप्ता, रीमा जसरा आदि लोगो का पार्क के विकास में विशेष योगदान रहा।



थाना मसूरी पुलिस द्वारा द ग्राण्ड आयरिस होटल में मारपीट व महिलाओं से छेड़खानी करने वाला मुख्य आरोपी होटल स्वामी गिरफ्तार। —खबरों का खबर

# सुशील श्रीवास्तव ने ऊर्जा मंत्री के समक्ष खोला जेई उपेन्द्र यादव का भ्रष्टाचारी पिटारा

**सोनू वर्मा**
**खबरों का खबर**

**लोनी।** लोनी के सामाजिक संगठन प्रवासी विकास मंच के प्रदेश अध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव ने, उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री माननीय ए.के शर्मा जी से उनके लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात कर लोनी के रामपार्क बिजली घर के जेई उपेन्द्र यादव द्वारा किए जा रहे बड़े भ्रष्टाचार के तमाम सबूतों के साथ अवगत कराया, माननीय ऊर्जा मंत्री एके शर्मा जी ने सभी बिंदुओं पर ध्यान देते हुए कहा माननीय योगी आदित्यनाथ जी की भाजपा सरकार में सपा-बासपा की मानसिकता के भ्रष्ट अधिकारियों का कोई स्थान नहीं, जल्द होगी उचित कानूनी कार्यवाही।

आपको बता दें कि प्रवासी विकास मंच के प्रदेश अध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव ने ऊर्जा मंत्री ए.के शर्मा जी से मुलाकात में बताया : प्रवासी विकास मंच संगठन द्वारा दिनांक 6/2/2023, पत्रांक संख्या-पीसीएम/138/2023, के माध्यम से लोनी क्षेत्र की कॉलोनियों में रहने वाले उपभोक्ताओं से मोटी रकम लेकर रामपार्क बिजली घर के जेई उपेन्द्र यादव व उनके प्राइवेट गुंडे एवं संविदा कर्मचारी जिनके नाम सुनील माथुर, काजी



उर्फ इस्तकर, आशिफ चौहान, सोनू, शहनवाज, विनय कुमार आदि व्यक्तियों द्वारा मोटी रकम लेकर विद्युत कनेक्शन देते हुए मीटर लगा दिए जाता हैं, कुछ समय के उपरांत उपभोक्ता का मीटर यह कह कर उतार लिया जाता हैं कि आपके बिजली खम्बे की दूरी ज्यादा है, इसके संबंध में संगठन द्वारा विधुत विभाग क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी, अधीक्षक अभियंता को शिकायत की गई थी, जिस के संदर्भ में पत्रांक संख्या 772/ वि0वि0खं0-प्रथम/लोनी, दिनांक -14/2/2023, को जवाब दिया गया है, जिसमें यह बताया गया है कि उपभोक्ता द्वारा गलत तरीके से विद्युत कनेक्शन लिया गया है और उपभोक्ता के खिलाफ संबंधित चौकी में एफ.आई.आर विद्युत विभाग के द्वारा कराई गई है, जबकि उपभोक्ता ने जब कनेक्शन लिया था तो उसने उस कनेक्शन की दूरी ज्यादा होने के कारण जेई उपेंद्र यादव व उसके कर्मचारियों ने मीटर को सत्यापित करने के लिए मोटी रकम ली थी, जिसका प्रमाण, यह है कि जब उपभोक्ता कनेक्शन अप्लाई करता है तो जेई, लाइन मेन आदि विभाग के कर्मचारी मौके पर जाकर विधुत कनेक्शन को सत्यापित करते है, उसके उपरांत ही कनेक्शन दिया जाता है, अगर दोषी उपभोक्ता हैं तो, उससे कई बड़े दोषी जेई उपेन्द्र यादव एवं उसके गुर्गों हैं, जिन्होंने मौके पर जाकर देखने के बाद भी गलत को सही किया, माननीय मंत्री जी अगर इस भ्रष्ट जेई उपेन्द्र यादव एवं उसके गुर्गों पर उचित कानूनी कार्यवाही नही होती हैं तो मजबूरन संगठन को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा।

माननीय ऊर्जा मंत्री ए.के शर्मा जी ने सभी बिंदुओं पर ध्यान देते हुए कहा माननीय योगी आदित्यनाथ जी की भाजपा सरकार में सपा-बासपा की मानसिकता के भ्रष्ट अधिकारियों का कोई स्थान नहीं, माननीय ऊर्जा मंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन के आधार पर जल्द होगी उचित कानूनी कार्यवाही।

# बड़ौत की लिटिल ने किया जनपद बागपत का नाम रोशन

**- दिल्ली यूनिवर्सिटी के 99 वें दीक्षांत समारोह में रसायन शास्त्र में महत्वपूर्ण शोध के लिए लिटिल को डीयू के कुलपति योगेश सिंह ने प्रदान की पीएचडी की उपाधि**

**- दीक्षांत समारोह में माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुख्य अतिथि और शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने की सम्मानित अतिथि के रूप में शिरकत**



**विवेक जैन**
**खबरों का खबर**

**बागपत।** बागपत के बड़ौत शहर की रहने वाली लिटिल को दिल्ली यूनिवर्सिटी के 99 वें दीक्षांत समारोह में डीयू के कुलपति योगेश सिंह द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी। लिटिल को यह उपाधि रसायन शास्त्र में महत्वपूर्ण शोध के लिए प्रदान की गयी। इस अवसर पर देश की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि और भारत सरकार के शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। लिटिल की इस उपलब्धि पर जनपद बागपत और लिटिल के घर पर हर्ष का माहौल है और उनके घर पर शुभकामनाएं देने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है। लिटिल के पिता मनमोहन स्वरूप सिंडीकेट बैंक, ख्वाजा नंगला जनपद बागपत से रिटायर्ड मैनेजर है और बड़ौत के दिलीप विहार में रहते है। मनमोहन स्वरूप ने बताया कि लिटिल बचपन से ही मेधावी छात्रा रही है और अपनी कक्षाओं में प्रथम आती रही है। बताया कि लिटिल ने बीएससी ऑनर दिल्ली यूनिवर्सिटी के एआरएसडी कॉलेज, एमएससी दिल्ली यूनिवर्सिटी के करोड़ी मल कॉलेज, पीएचडी की उपाधि दिल्ली यूनिवर्सिटी के एआरएसडी कॉलेज से की है। लिटिल ने बताया कि उनकी इस उपलब्धि का श्रेय उनके परिजनों, गुरूजनों, मित्रों व सहयोगियों को जाता है। लिटिल को पीएचडी की उपाधि मिलने पर उन्हें कैनरा बैंक बागपत के एजीएम अश्वनी कुमार, एलडीएम राजेश पंत, नाबार्ड के डीडीएम सोमवीर पुरी, कैनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र बागपत के निदेशक शशि कुमार यादव, नेहरू युवा केन्द्र बागपत के जिला युवा अधिकारी अरूण तिवारी, नेशनल अवार्डी वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन सहित अनेकों लोगों ने बधाई दी है।

## विजय सिंह पथिक व चंद्रशेखर आज़ाद की पुण्यतिथि पर हुआ विचार गोष्ठी का आयोजन



**ओमपाल गोस्वामी-खबरों का खबर**

मेरठ। जिला कार्यालय गंगा नगर बक्सर पर महान क्रांतिकारी,लेखक,पत्रकार, बिजोलियाकिसानआंदोलन के वीर योद्धा, राजस्थान केसरी,वीरविजयसिंह पथिक व क्रांतिकारी महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आज़ाद की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष पवन गुर्जर ने कहा कि हमारे देश के लोगों को हमेशा गर्व महसूस होना चाहिए कि ये देश बलिदानी क्रान्तिकारी महापुरुषों का देश रहा है जिन्होंने अपने प्राणो की चिंता ना करते हुए भारत माँ के लिए हस्ते हस्ते अपनी जान कुर्बान कर दी ।विजय सिंह पथिक व चंद्रशेखर आज़ाद एक महान स्वतंत्रता सेनानी के रूप में देश के लिए कुरबान हो गए थे। हम सब को महापुरुषों से सीख लेते हुए अपने देश के लिए मरने मिटने का जज़्बा हमेशा रखना चाहिए। महताब अली को हस्तिनापुर विधानसभा अध्यक्ष, विनीत इंचौली को जिला मीडिया प्रभारी, डॉक्टर संजीव चिरौड़ी जी को जिला उपाध्यक्ष, जयभगवान जी को नगराध्यक्ष शाहजहाँपुर नियुक्त किया।

# स्वयं प्रकाश गोस्वामी को कांग्रेसजनो द्वारा दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**खबरों का कहर**
**न्यूज नेटवर्क**

**लखनऊ।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व महामंत्री, राष्ट्रीय छात्र संगठन, उत्तर प्रदेश युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस नेता स्व0 स्वयं प्रकाश गोस्वामी के निधन पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर कांग्रेसजनों द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

उपस्थित नेताओं ने कहा कि




पार्टी द्वारा चलाये गए जन आंदोलनों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, लगाव, योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व मंत्री प्रांतीय अध्यक्ष श्री नकुल दुबे, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय, वीरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, अमित त्यागी, नीरज तिवारी, राजेश जायसवाल, नरेन्द्र शुक्ला, विजय सोनी, सुजीत राय, राघवेन्द्र सिंह, प्रज्ञा सिंह, सहित आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# बेंगलुरु में सड़क सुरक्षा सम्मेलन 2023 हुआ संपन्न



**सुखबीर सिंह**
**खबरों का खबर**

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में आयोजित 'सड़क सुरक्षा सम्मेलन 2023' कार्यक्रम में गाजियाबाद के माननीय सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल डॉ. वी.के. सिंह जी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। माननीय सांसद जी ने सबसे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उसके बाद सभागार में उपस्थित सभी लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तार से सम्बोधित किया और इस क्षेत्र में सरकार के प्रयासों को भी बताया। माननीय सांसद जी ने आयोजन से पहले कर्नाटक में चल रहे सड़क परिवहन मंत्रालय और NHAI के चल रहे प्रोजेक्ट्स के लिए आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

# देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य का व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग आज नए युग में प्रवेश कर रहा : योगी आदित्यनाथ

**खबरों का कहर**
**न्यूज नेटवर्क**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के समक्ष आज यहां उनके सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग एवं टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (टी0टी0एल0) के मध्य प्रदेश के 150 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई0टी0आई0) के उन्नयन हेतु मेमोरेण्डम ऑफ एग्रीमेण्ट (एम0ओ0ए0) का हस्तान्तरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश का व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग आज नए युग में प्रवेश कर रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज टी0टी0एल0 के साथ एम0ओ0ए0 हस्तान्तरण के साथ ही प्रदेश के युवाओं को तकनीकी दृष्टि से उन्नत और सक्षम बनाने के लिए राज्य में ही मंच उपलब्ध हो रहा है। एम0ओ0ए0 के अन्तर्गत टी0टी0एल0 की सहभागिता से प्रथम चरण में प्रदेश के 150 सरकारी आई0टी0आई0 का उन्नयन किया जाएगा। इसके तहत इन आई0टी0आई0 में इन्फ्रास्ट्रक्चर, लेबोरेट्री तथा उपकरण उपलब्ध कराने के साथ ही, टी0टी0एल0 के अच्छे प्रशिक्षकों एवं वोकेशनल एजुकेशन के प्रशिक्षकों को न्यू ऐज कोर्सेज के साथ जोड़ा जाएगा। इससे प्रतिवर्ष 35,000 युवाओं को प्रशिक्षित करते हुए, उन्हें टी0टी0एल0 से जुड़ी सहभागी कम्पनियों में ऑन जॉब ट्रेनिंग तथा अप्रेण्टिसशिप स्कीम से जोड़ा जाएगा। यह उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिए एक अभिनव अवसर है। प्रदेश का वोकेशनल एजुकेशन इस दिशा में नए मानक स्थापित कर सकता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से प्रदेश के युवाओं को नई तकनीकी से जोड़ने तथा उन्हें उचित मंच उपलब्ध कराने के लिए राज्य के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा टी0टी0एल0 के साथ एम0ओ0ए0 किया जा रहा है। यह एम0ओ0ए0 10 वर्ष 09 माह के लिए हुआ है। इसमें 09 माह इन्फ्रास्ट्रक्चर की तैयारी हेतु निर्धारित हैं। प्रथम 05 वर्ष की समाप्ति के बाद अगले 05 वर्ष के लिए इसका नवीनीकरण किया जा सकेगा। इसके अन्तर्गत 88 प्रतिशत धनराशि टी0टी0एल0 तथा 12 प्रतिशत धनराशि का वहन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत दुनिया में सबसे युवा राष्ट्र है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश भारत में सबसे युवा राष्ट्र है। प्रदेश में विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए नए कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने इसके लिए अनेक अवसर उपलब्ध कराए हैं। प्रदेश में तकनीकी विश्वविद्यालयों के साथ ही, मेडिकल तथा आयुष के क्षेत्र में अनेक सम्भावनाएं हैं। इस दिशा में भी राज्य सरकार द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को तकनीकी दृष्टि से सक्षम बनाने के लिए 02 करोड़ युवाओं को टैबलेट/स्मार्टफोन उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। इनके माध्यम से युवाओं को केन्द्र व राज्य सरकार की सभी नीतियों तथा योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। अब तक 20 लाख युवाओं को टैबलेट/स्मार्टफोन प्रदान किए जा चुके हैं। इस वर्ष लगभग 40 लाख युवाओं को टैबलेट/स्मार्टफोन उपलब्ध करा दिए जाएंगे। अगले 05 वर्षों में 02 करोड़ युवाओं को इस योजना से जोड़े जाने का कार्य किया जा रहा है। जब प्रदेश के युवाओं को यह सुविधा प्राप्त होगी, तो सभी युवाओं को अपनी क्षमता व कौशल प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज सम्पन्न हुए एम0ओ0ए0 के कार्य समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ेंगे। इनके माध्यम से प्रदेश के युवा न्यू ऐज कोर्सेज से जुड़कर तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी प्रतिभा तथा ऊर्जा का लाभ राज्य तथा देश को देने में सक्षम होंगे। वे प्रधानमंत्री जी की आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना में अपना योगदान दे पाएंगे। यह एम0ओ0ए0 राज्य के युवाओं के साथ ही टी0टी0एल0 के अभियान को आगे बढ़ाएगा।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यावसायिक एवं कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी का सभी विभागों के लिए विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन तथा उत्साहवर्धन प्राप्त होता रहता है। मुख्यमंत्री जी ने अपनी दृढ़ता तथा समर्पण से प्रदेश को विकास पथ पर अग्रसर किया है। उत्तर प्रदेश युवाओं का प्रदेश है। उत्तर प्रदेश को 01 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए राज्य के युवाओं का कौशल विकास आवश्यक है। टाटा समूह सदैव देश के लिए कार्य कर रहा है। टी0टी0एल0 के सहयोग से प्रदेश के युवाओं के कौशल विकास को बल मिलेगा।

टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (टी0टी0एल0) के एम0डी0 तथा सी0ई0ओ0 श्री वॉरन हैरिस ने कहा कि उत्तर प्रदेश तथा देश के आर्थिक विकास के लिए राज्य की प्रगतिशील सरकार के साथ सहभागिता करना गर्व की बात है। राष्ट्र के विकास के लिए देश के नागरिकों का उन्नयन आवश्यक है। टी0टी0एल0 इंजीनियरिंग तथा टेक्नोलॉजी क्षेत्र की कम्पनी है। हमारा फोकस प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री जी को टी0टी0एल0 की ओर से प्रतीक चिन्ह् भेंट किया गया। इस अवसर पर एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। ज्ञातव्य है कि टाटा ग्रुप की सहभागिता से क्रियान्वित किए जाने वाले इस प्रोजेक्ट की कुल लागत लगभग 5472 करोड़ रुपये है। इसमें राज्य सरकार का अंश 1190 करोड़ रुपये तथा टी0टी0एल0 का अंश 4282 करोड़ रुपये अनुमानित है। इण्डस्ट्री 4.0 प्रस्तावों की मांग के अनुसार टी0टी0एल0 द्वारा 150 आई0टी0आई0 में नवीन ट्रेड्स के 11 दीर्घ अवधि के एवं 23 अल्पकालीन अवधि के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किये जाएंगे।

इस अवसर पर कृषि उत्पादन आयुक्त श्री मनोज कुमार सिंह, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त श्री अरविन्द कुमार, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना श्री संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा श्री सुभाष चन्द्र शर्मा, प्रमुख सचिव नियोजन श्री आलोक कुमार, सूचना निदेशक श्री शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य एवं टी0टी0एल0 के प्रतिनिधिमण्डल के सदस्य उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश के संगठन का विस्तार

# प्रतीक माथुर बने उत्तर प्रदेश पश्चिम के प्रदेश उपाध्यक्ष



**खबरों का कहर,संवाददाता**
**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा गाजियाबाद की बैठक %रॉयल किचन रेस्टॉरेंट% राजेंद्र नगर साहिबाबाद पर हुई जिसमे आदरणीय राष्टिय संगठन मंत्री श्री पी सी एल श्रीवास्तव जी एवं माननीय प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश आकाश श्रीवास्तव जी ने प्रतीक माथुर को उत्तर प्रदेश पश्चिम क्षेत्र का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया एव वैभव सक्सेना को कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष गाजियाबाद मनोनीत किया और माला पहनाकर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की । संगठन मंत्री श्री पी सी एल श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश आकाश श्रीवास्तव का शौल और पटका पहनाकर सभी ने स्वागत किया । राष्टिय संगठन मंत्री श्री पी सी एल श्रीवास्तव ने बताया की नवनियुक्त पदाधिकारियों को



सामजिक हित में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं साथ ही समाज को लेकर संगठन को आगे बढ़ाने की अपेक्षा की गयी है ।

प्रतीक माथुर ने राष्टिय संगठन मंत्री श्री पी सी एल श्रीवास्तव माननीय प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश आकाश श्रीवास्तव दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शिप्रा कुलश्रेष्ठ और शीर्ष नेतृत्व का प्रदेश उपाध्यक्ष का पदभार मिलने पर आभार व्यक्त किया और संगठन के दिए हुए दायित्वों का निर्वाह पूरी निष्ठा और पारदर्शिता से करेंगे बताया । आने वाले समय मे अगर कोई राजनितिक क्षेत्र में आना चाहता है तो अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश की तरफ से चित्रांश का पूरा सहयोग किया जायेगा । आज इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गाजियाबाद बृजेश श्रीवास्तव महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शिल्पी श्रीवास्तव संजय श्रीवास्तव डी सी माथुर मयंक देव श्रीवास्तव चंद्रभूषण श्रीवास्तव गौरव श्रीवास्तव केशव सक्सेना अनीश माथुर मनीष माथुर जयश्री सिन्हा मुकेश जोहरी विनोद माथुर गिरीश श्रीवास्तव नितिन माथुर राष्टिय व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष के के मिश्रा एवं महानगर कोर्डिनेटर राष्टिय व्यापार मंडल निशा चौहान पारुल माथुर उपस्थित रही।

# श्री दिगम्बर जैन महासमिति द्वारा मल्लिनाथ चालीसा पाठ का हुआ आयोजन

**ओमपाल गोस्वामी**
**खबरों का कहर**




**मोदीनगर।** फाल्गुन सुदि पंचमी को जैन धर्म के 19 वे तीर्थंकर श्री 1008 मल्लिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक के शुभ अवसर पर चालीस बार मल्लिनाथ भगवान के चालीसा के पाठ का आयोजन श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मोदीनगर पर किया गया।

जिसमें शहर के जैन धर्म अनुयायियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। दिगम्बर जैन महासमीति मोदीनगर संभाग की अध्यक्षा डॉ॰ सोनिका जैन ने बताया की महासमिति द्वारा आयोजित चालीसा पाठ में संस्था की संभागीय महामन्त्री मीनल जैन के प्रयास और सकल जैन समाज मोदीनगर ने इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग ले कार्यक्रम को सफल बनाया। उन्होने यह भी जानकारी दी कि उपस्थित धर्म प्रेमियों द्वारा लय और ताल मिलाते हुए चालीसा के पाठ से सबको सुखद अनुभूति का अहसास हुआ।

धर्मलम्बियों में मुख्य रूप से संस्था के मुख्य संरक्षक सुशील जैन,सुशीला जैन, अध्यक्ष शांति स्वरूप जैन, शिप्रा जैन, रचना जैन, मंजू जैन, मयूर जैन, रीता जैन, विनोद जैन, मुदिता जैन, ममलेश जैन, कमलेश जैन, मधु जैन, रानू जैन , रुचि जैन ,शशि जैन, निधि जैन , हर्षिता जैन आदि उपस्थित रहे।

# मजदूर ट्रेड यूनियन के प्रदेश महासचिव अमित शर्मा ने सुनी मजदूरों की जन समस्याएं

**ओमपाल गोस्वामी**
**खबरों का कहर**



**साहिबाबाद।** भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल उत्तर प्रदेश अध्यक्ष केडी सुभाष के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के महासचिव अमित शर्मा की अध्यक्षता में पाइप मार्केट आराधना साहिबाबाद में 70 से 80 मजदूरों के समूह की जन समस्याओं को सुना गया। मजदूरों ने अपनी समस्याओं को प्रदेश महासचिव अमित शर्मा के सामने रखते हुए कहा हम सभी लोग चाहते हैं हमारा श्रमिक कार्ड बने जिससे हमें सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल सके।

वही प्रदेश महासचिव अमित शर्मा ने मजदूरों को संबोधित करते हुए कहां भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल उत्तर प्रदेश की तरफ से सभी लोगों का श्रमिक कार्ड बनवाया जाएगा। साथ ही ऐसे बच्चों के लिए जो स्कूल नही जा पा रहे हैं उनको स्कूल में पढ़ाने की व्यवस्था कराई जाएगी, जिन मजदूर भाईयो की आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब है, उनको खाने एवं वस्त्रों की व्यवस्था कराई जाएगी।

वही सभी मजदूर भाइयों ने एकता का परिचय देते हुए भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल उत्तर प्रदेश का नारा लगाते हुए जिंदाबाद जिंदाबाद का समर्थन दिया।

संगठन के जिला सचिव रोबिन सिंह यादव ने महानगर पदाधिकारियों के साथ मनोज राजपूत, विकास कुमार, राहुल कुमार,रिंकू यादव ने अपना संपूर्ण योगदान देते हुए कहा कि पाइप मार्केट आराधना साहिबाबाद में मजदूरों के हितों की रक्षा करने के लिए हम लोग सदैव तत्पर हैं एवं पूरे जिले में मजदूरों के हित के लिए अपना संपूर्ण योगदान देंगे।

भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल उत्तर प्रदेश संगठन में कंधे से कंधा मिलाकर मजबूती प्रदान करेंगे।

# विधायक सहेन्द्र सिंह रमाला के पिता की पुण्यतिथि पर उमड़ा जन सैलाब

## - बाबा श्याम सिंह जैसी महान शख्सियत सदियों में कभी-कभार ही जन्म लेती है - साहब सिंह, पूर्व राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार



**विवेक जैन**
**खबरों का खबर**
**बागपत।** छपरौली विधान सभा जनपद बागपत के पूर्व विधायक सहेन्द्र सिंह रमाला के पिता व प्रसिद्ध समाजसेवी बाबा श्याम सिंह की पुण्यतिथि पर उनके आवास पर आयोजित श्रद्धांजली सभा में हजारों लोगों ने शिरकत की और बाबा श्याम सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किये। बाबा श्याम सिंह की पुण्यतिथि पर यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सैंकड़ों लोगों ने हवनकुंड़ में आहुतिया डाली और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पंड़ितों, साधु व संतों द्वारा शांति पाठ व उसके बाद श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजली सभा में अनेकों वक्ताओं द्वारा बाबा श्याम सिंह के महान व्यक्तित्व और समाजसेवी कार्यों पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित लोगों ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित किये और मौन रखा। प्रसिद्ध किसान नेता और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहने वाले पूर्व राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार चौधरी साहब सिंह ने कहा कि बाबा श्याम सिंह जैसी महान शख्सियत सदियों में कभी कभार ही जन्म लेती है। कहा कि आने वाली पीढ़ियों को बाबा श्याम सिंह के महान जीवन से प्रेरणा लेकर उनके दिखाये नेकी के मार्ग पर चलना चाहिए। जिला जाट सभा बागपत के महासचिव एड़वोकेट गजेन्द्र सिंह हेवा ने कहा कि बाबा श्याम सिंह की मधुर स्मृति, स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन और आर्शीवाद हमेशा हमारे लिये प्रेरणादायक रहेंगे। इसके उपरान्त आयोजित विशाल भंडारे में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भाकियू नेता नरेश टिकैत, कैप्टन अभिमन्यु, जनता वैदिक डिग्री कॉलेज बड़ौत के प्राचार्य व जिला पंचायत सदस्य जयकुमार, जिला जाट सभा बागपत के अध्यक्ष देवेन्द्र धामा, पूर्व महासचिव मास्टर नगेन्द्र सिंह, शीशपाल सिंह, जिला जाट सभा महिला विंग की जिलाध्यक्ष अंजु खोखर, भाजपा नेता प्रवीण तोमर सिरसली, पर्यावरणविद् सुरेन्द्र सिंह तुगाना, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत, पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित, फेरू सिंह, डॉ कृष्णपाल सिंह, नरेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, यतेन्द्र सिंह, सुभाष सिंह, विनीत सिंह, विराट सिंह, गौरव सिंह, भविष्य सिंह, रूद्रांश सिंह, वैराजवीर सिंह, लोनी के पूर्व चैयरमेन मनोज धामा सहित राजनैतिक, धार्मिक, शैक्षिक, सामाजिक आदि विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी सैंकड़ों जानी-मानी हस्तियां और हजारों लोग उपस्थित थे।

# लाल किला मैदान में हुई भगवान पार्श्‍वनाथ व माँ पद्मावती की भक्ति आराधना

**विवेक जैन**
**खबरों का खबर**
**लालकिला, दिल्ली।** देश के प्रसिद्ध लाल किला मैदान दिल्ली में पहली बार प्रसिद्ध जैन संत परम पूज्नीय गणिनी आर्यिका श्री 105 सरस्वती माताजी के पावन सान्निध्य व श्री दिगम्बर जैन लाला मन्दिर के तत्वाधान में भगवान पार्श्‍वनाथ एवं माँ पद्मावती की भक्ति आराधना का आयोजन किया गया। जैन समाज कृष्णा नगर के संरक्षक व पूर्व निगम पार्षद नरेन्द्र जैन व यमुना पार दिगम्बर जैन समाज से प्रवक्ता विराग जैन ने भक्ति आराधना में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। भक्ति आराधना में वस्त्र भेंट का सौभाग्य दिव्या जैन गौरव जैन लक्ष्मी नगर दिल्ली, पीच्छिका भेंट का सौभाग्य रेनू जालान सुरेश जालान गिरिडीह झारखंड, पद्मावती माता की आरती का सौभाग्य पवन जैन दीपक जैन पंकज फैशन गांधीनगर, मंच उद्घाटनकर्त्ता को सौभाग्य श्री दिगम्बर जैन लाल मन्दिर के अध्यक्ष चक्रेश जैन, माता पद्मावती चित्र अनावरण का सौभाग्य प्रिया जैन प्रवीण जैन चांदनी चौक, श्री सन्मतिसागर चित्र अनावरण का



सौभाग्य बबीता जैन सुनील जैन बिहारी कॉलोनी, अखण्ड़ ज्योति प्रचण्ड़ का सौभाग्य कपिला जैन आशीष जैन मॉडल टाउन, दीप प्रज्ज्वलन का सौभाग्य यमुनापार के दिगम्बर जैन समाज दिल्ली को, मुखावलोकन का सौभाग्य शैलेश जैन बॉबी, बॉबी हौजरी प्रीत विहार को, मुख्य चोला अर्पण का सौभाग्य सोनिया जैन नवीन जैन परासोली वाले बाहुबली एन्कलेव व कविता जैन पुनीत जैन लाल मन्दिर को, चोला अर्पण का सौभाग्य तनुजा जैन अमित जैन मॉडल टाउन, मुकुट प्रदाता का सौभाग्य मीनू जैन राजेश जैन रोहिणी, फूल माला अर्पण का सौभाग्य रीता जैन मुकेश जैन राधेपुरी वालों को, छत्र अर्पण का सौभाग्य दीपा जैन दीपक जैन मॉडल टाउन वालों को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भजन सम्राट रूपेश जैन इन्दौर, संजय जैन एम्बेसी ग्रुप दिल्ली, हिमांशु अग्रवाल जैसे अनेकों प्रसिद्ध भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर हर किसी को मंत्र मुग्ध कर दिया। मंच का संचालन प्रशांत जैन जबलपुर द्वारा और अल्पाहार की व्यवस्था सोनिया जैन नवीन जैन बाहुबली एन्कलेव परासोली वालों द्वारा की गयी। प्राचीन श्री दिगम्बर जैन पंचायत चांदनी चौक दिल्ली समिति ने भक्ति आराधना में आये समस्त श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आयोजक सरस्वती माँ भक्त परिवार दिल्ली एवं पंचकल्याणक समिति पद्मावती धाम खेकड़ा से प्रवीण जैन, नवीन जैन, पुनीत जैन, आदीश जैन, प्रिया जैन, श्री 1008 मज्जिनेन्द्र पार्श्‍वनाथ धरणेन्द्र पद्मावती पंचकल्याणक महामहोत्सव समिति से सुनील जैन, प्रवीण जैन, तरूण जैन, आदेश जैन, दीपक जैन, जिनेश्वर दयाल जैन, अंकुश जैन, नरेश जैन, मुकेश जैन, संजीव जैन, लाजपत जैन, कवि जैन, पारस जैन सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

**खबरों का कहर**
सभी सुधि पाठकों से अनुरोध है कि अपने आस-पास होने वाली किसी भी घटना की जानकारी, समाचार, प्रेस-विज्ञप्ति, विज्ञापन या कार्यक्रम की कवरेज हेतु सम्पर्क करें:
**सोनू वर्मा** (डबल एम.ए., एम.एड़, एम.फिल)
मुख्य सम्पादक
मो.-9871103860 ईमेल: khabronkakahar@gmail.com
खबरों का कहर समाचार पत्र में ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर, कैमरामैन, खुफिया पत्रकार, विज्ञापन प्रतिनिधि, युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक सोनू वर्मा द्वारा मै.कुमार ऑफसेट प्रिन्टर्स, 567, तुराब नगर गाजियाबाद से छपवाकर, 2/95, सैक्टर-2, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
सम्पादक: सोनू वर्मा ई-मेल: khabronkakahar@gmail.com RNI No.- UPBIL/2016/69076
समाचार पत्र में प्रकाशित सभी लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी स्वयं लेखक की है। प्रकाशक व सम्पादक का प्रकाशित लेख से सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गाजियाबाद स्थित न्यायालय होगा।